मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 32 मुंबई, सोमवार, दिनांक 01 मई से 07 मई 2023 पृष्ठ : 08 कीमत : 3 /- रुपये




# राज्य में 800 स्कूल फर्जी...

## पालघर की 143 बोगस स्कूल रडार पर, पढ़े पूरी खबर...



**मुंबई:** महाराष्ट्र में 800 स्कूल फर्जी पाए गए हैं. यानी इन स्कूलों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है. ये बिना लाइसेंस के चल रहे हैं. इनमें से 100 स्कूलों पर कार्रवाई करते हुए इन्हें स्थायी तौर पर बंद किया गया है. बाकी 700 स्कूलों पर भी जल्दी ही कार्रवाई होने का खतरा मंडरा रहा है. राज्य के शिक्षा विभाग की जांच में यह जानकारी सामने आई है. फिलहाल महाराष्ट्र का शिक्षा विभाग इस बारे में विचार कर रहा है कि बाकी के सात सौ स्कूलों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए.बोगस स्कूलों की सूची में स्टेट एजूकेशन बोर्ड के स्कूलों के अलावा सीबीएसई, आईसीएसई और आईबी के स्कूल भी शामिल हैं.

### तीन अहम दस्तावेज होने जरूरी

स्कूलों की जांच में उनके नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट, स्कूल शुरू रखने के लिए संबंधित विभागों की अनुमति से जुड़े कागजात और सर्टिफिकेट्स, सरकार की ओर से जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्र की पड़ताल की गई. शिक्षा आयुक्त ने कहा है कि इन तीनों में से अगर एक सर्टिफिकेट या डॉक्यूमेंट भी अगर गायब पाया गया तो स्कूल की मान्यता रद्द कर दी जाएगी.

### जिले में स्कूल

जिले के आठ तालुकों में कुल 156 फर्जी स्कूल बने हुए हैं, 29 स्थायी रूप से बंद हैं, 30 स्कूलों पर मामला दर्ज किया गया है और 97 अब भी चल रहे हैं।

जिला परिषद स्कूल - 2131

सहायता प्राप्त विद्यालय- 185 -गैर सहायता प्राप्त - 135

आंशिक रूप से अनुदानित- 29

### पालघर जिला बना फर्जी स्कूलों का अड्डा

पालघर जिले के आठ तालुकों में कुल 143 फर्जी स्कूल हैं, जिनमें से 29 स्कूल स्थायी रूप से बंद हैं, 60 स्कूलों में लेटर ऑफ इंटेंट नहीं है, 30 स्कूलों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है फिर भी अब 97 स्कूल बेधड़क चल रहे हैं। पिछले पांच साल से फर्जी स्कूलों के माध्यम से छात्रों के शैक्षणिक भविष्य से खिलवाड़ करते हुए यह देखा गया है कि इन स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग का रुख ऊपर से सख्त लेकिन अंदर से नरम बना हुआ है.


# ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Proposed CBSE School) महरछा, जंघई बाजार, जिला प्रयागराज का द्वितीय वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



मुख्य अतिथि माननीया न्यायमूर्ति श्रद्धेय मंजू रानी चौहान जी, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद का सम्मान करती हुई संस्था की वाइस चेयरमैन श्रीमती माधुरी सिंह तथा प्रचार्या श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव एवं मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सुप्रिया सिंह.



मुख्य अतिथि
Guest of Honoor
माननीया न्यायमुर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान जी,
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद



सम्माननीय अतिथि
Guest of Honoor
माननीय श्री चिंतामणि सिंह जी
राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष गंगा समग्र, प्रयागराज उत्तर प्रदेश एवं सहमंत्री विद्या भारतीय पूर्वी उत्तर प्रदेश



सम्माननीय अतिथि
Guest of Honoor
माननीय श्री कल्प राज सिंह जी,
सदस्य लोकसेवा आयोग उत्तर प्रदेश



सौरभ सिंह प्रबंधक
श्री राज बली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट मुंबई द्वारा संचालित
1. ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC) महरछा, जंघई, प्रयागराज
2. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी० एड० कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
3. आर्या श्रीमती दुलारी सिंहए कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (D.El.Ed. कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
4. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च डिप्लोमा इन योगा, महरछा, जंघई, प्रयागराज
संपर्क कार्यालय :
महरछा, जंघई, प्रयागराज

**प्रयागराज,** ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Proposed CBSE School) महरछा, जंघई बाजार, जिला प्रयागराज द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्रद्धेया श्रीमती मंजू रानी चौहान जी, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के साथ में सम्माननीय अतिथि (Guest of Honour) माननीय श्री कल्प राज सिंह जी, मा० सदस्य लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, सम्माननीय अतिथि Guest of Honour माननीय श्री चिंतामणि सिंह जी, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष गंगा समग्र, प्रयागराज उत्तर प्रदेश व सह मंत्री विद्या भारतीय पूर्वी उत्तर प्रदेश विशेष अतिथि मा० कमलेश कुमार सिंह, सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी मुंबई व मा० डॉ० तारकेश्वर सिंह, मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं जरनल फिजिशियन मुंबई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह जी ने किया। संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा गणमान्य सम्माननीय अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा, गुलदस्ता, पुष्प मालिका व स्मृति चिन्ह एवं अभिनन्दन पत्र भेंट कर दिव्य सम्मान किया।

ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Proposed CBSE School) महरछा, जंघई बाजार, जिला प्रयागराज के छात्राओं द्वारा बहुत ही सुन्दर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।समारोह की मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्रद्धेया श्रीमती मंजू रानी चौहान जी, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत संस्कृतिक कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित जनसमुदाय विशेषकर पालकों / अभिभावकों को

(पेज २ पर...)





# संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## अनाज पे गाज

इधर ग्लोबल वार्मिंग से मौसम के मिजाज में खासा बदलाव आया है। कब बारिश हो जाये कहना मुश्किल है। हालांकि, अब मौसम विभाग को उपग्रहों के संबल से मौसम की सटीक भविष्यवाणी करना संभव हुआ है। कुछ दिन पहले बता दिया जाता है कि फलां दिन मौसम खराब होगा या बारिश होगी। लेकिन वे तस्वीरें विचलित करती हैं जब मंडियों व सरकारी गोदामों के बाहर पड़ा गेहूं बारिश में भीगता दिखायी देता है। जाहिर है जिन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी अनाज भंडारण व संरक्षण की होती है, वे अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वाह नहीं करते। वे तस्वीरें परेशान करती रहीं जिनमें किसान मंडियों में खरीद के लिये रखे अनाज को बारिश से बचाने का प्रयास करते नजर आये। दरअसल, खरीद प्रक्रिया की जटिलताओं के चलते भी खरीद में विलंब होने से काफी अनाज मंडियों के परिसरों में पिछले दिनों भीगता नजर आया। खुले में खराब होता अनाज हर किसी संवेदनशील व्यक्ति को परेशान करता है। कैसे किसान अनाज को अपनी खून-पसीने की मेहनत से सींचता है और तंत्र की काहिली से वह अनाज खराब हो जाता है। उसकी गुणवत्ता खराब होने से किसान को अनाज औने-पौने दाम में बेचने के लिये बाध्य होना पड़ता है। यह विडंबना है कि जिस देश में भूख व कुपोषण के आंकड़े शर्मसार करते हों वहां लाखों टन अनाज संवेदनहीन तंत्र की लापरवाही से यूं ही बर्बाद हो जाता है। हमारी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक खाद्यान्न का यूं खराब हो जाना एक आपराधिक लापरवाही का ही नतीजा है। जाहिर है देश में अवैज्ञानिक तरीके से अनाज भंडारण के चलते ही ऐसी समस्या उपजती है। पिछले दिनों खबर आई कि रोहतक में किसानों को अपना अनाज बचाने के लिये उसका भंडारण श्मशान घाट के शेड में करना पड़ा। गाहे-बगाहे मीडिया में अन्न की बबार्दी की खबरें विचलित करती हैं। वहीं अनाज भंडारण व संरक्षण से जुड़े विभागों के कर्मचारियों द्वारा भी अनाज को नुकसान पहुंचाने की खबरें आई हैं।

एक अनुमान के अनुसार, देश में हर साल बारह से सोलह मिलियन टन अनाज पर्याप्त भंडारण सुविधा के अभाव में बर्बाद हो जाता है। इतना अनाज देश के एक तिहाई गरीबों को खिलाने के लिये पर्याप्त होता। लेकिन दशकों से चले आ रहे संकट के बावजूद वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ भंडारण की दिशा में गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आये। इसके लिये जरूरत के मुताबिक निवेश किया ही नहीं गया। होना तो यह चाहिए था कि फसल की कटाई के बाद नुकसान को कम करने के लिये नयी तकनीक के इस्तेमाल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती। जिससे लाखों टन अनाज को बर्बाद होने से बचाया जा सकता। कोरोना महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पूरे विश्व में पैदा हुए खाद्यान्न संकट के मद्देनजर अनाज के महत्व को समझा जाना चाहिए। दरअसल, अनाज के उत्पादन से लेकर उपभोग तक की आपूर्ति शृंखला के प्रत्येक चरण में यह नुकसान होता है। इसके अलावा खाद्यान्न की मात्रा के साथ ही गुणात्मकता के लिये सुरक्षित भंडारण की सुविधा बेहद जरूरी है। एक अध्ययन के मुताबिक अनाज की कटाई, थ्रेसिंग, परिवहन व भंडारण के दौरान भारी मात्रा में अनाज बर्बाद हो जाता है। प्रतिकूल मौसम में आये दिन होने वाली बारिश व ओलावृष्टि से हम अनाज को पूरी तरह से सुरक्षित नहीं कर पाये हैं।


जनहित प्रथम
REG NO.

राष्ट्रहित सर्वप्रथम
1892/2017

**CHAR KADAM WELFARE FOUNDATION**



9313841944, 8368499053, 7982920706

Regd. Add- 46, Shakarpur Khas Delhi- 110092

Branch Off: B Block, Ground Floor Kaushik Enclave, Burari, Delhi-110084 ( Near Burari, Hospital Govt. of Delhi )

E-mail Id: charkadam.news@gmail.com



### चार कदम समाचार पत्र, चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन, चार कदम वेलफेयर शिक्षा फाउंडेशन के माध्यम से चेयरमैन श्री जय किशन ठाकुर के द्वारा किये गए कार्य

- चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन गरीब लोगों की मदद के लिए काम कर रहा है। फाउंडेशन के तहत हमने कई तरह से लोगों को शिक्षा देने का काम किया है, जिसके तहत हमने गरीब बच्चों को मुफ्त ट्यूशन की सुविधा दी है, हम पहली से 8वीं कक्षा के 50 छात्रों को मुफ्त ट्यूशन दे रहे हैं। और 9 वीं से 12 वीं कक्षा के छात्रों को सभी विषय कोचिंग प्रदान करते हैं|
- हमारी संस्था बच्चों के लिए प्ले स्कूल चलाती है, 30 से अधिक छात्र हमारे स्कूल में हैं जिसके तहत बच्चों को सभी सुविधाएं दी जाती हैं और अलग-अलग तरीकों से शिक्षित किया जाता है ताकि उन्हें आगे के भविष्य के लिए तैयार किया जा सके।
- हम पैरामेडिकल पाठ्यक्रम, शिक्षण पाठ्यक्रम, एलएलबी पाठ्यक्रम आदि जैसे पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। जी एन एम में 15 छात्र पढ़ रहे हैं और ए एन एम 2 में छात्र अध्ययन कर रहे हैं, 20 छात्र सभी पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में हैं और 10 से अधिक छात्र एल एल बी में पढ़ रहे हैं।
- शिक्षा सभी का समान अधिकार है, हम उन महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रहे हैं जो सिलाई के माध्यम से नौकरी प्राप्त करके खुद को स्वतंत्र बनाना चाहती हैं। हमने पहले ही 30 से अधिक महिलाओ को नौकरियां प्रदान की हैं।
- हमारा उद्देश्य उन लोगों तक पहुंचना है जो भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए शिक्षा के लिए खर्च नहीं कर सकते हैं। हम सभी को शिक्षित करना चाहते हैं। और उन्हें सरकारी योजनाओं के सभी लाभ प्रदान कर रहे हैं |
- 24 जनवरी 2023 दिन मंगलवार को फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ जिसमे भारी संख्या में लोगो ने अपनी चिकित्सा जाँच करवाई | इस कैंप में लोगो की सभी जांचे मुफ्त में हुई चिकित्सा परामर्श भी दिया गया| यह कैंप बायोसिटी हेल्थ केयर की टीम के द्वारा सभी जांचे मुफ्त में की गई|
- चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर कार्य करता है।

### अध्यक्ष की कलम से.....

जय हिंद साथियों चार कदम समाचार पत्र 2001 में हमने शुरू किया और उस पत्र के माध्यम से 2004 से हमने समाज में अच्छा कार्य करने वाले डॉक्टर, खिलाड़ी, समाजसेवी, शिक्षाविद और संगीत में कार्य करने वाले लोगों को समाज रत्न से सम्मानित करना शुरू किया 2017 में हमने चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन एनजीओ का गठन किया और उस के माध्यम से समाज में टेक्निकल एजुकेशन देने का कार्य शुरू किया उन गरीब बेसहारा बच्चों को जो 12वीं के बाद शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे थे| उसी कड़ी में हम लगातार 18 वर्षों से समाज रत्न सम्मान कार्यक्रम कर रहे हैं| इस वर्ष भी हम 14 मई 2023, दिन रविवार, स्थान- न्यू महाराष्ट्र सदन कस्तूरबा गांधी मार्ग पर करने जा रहे हैं जिसमें समाज के उन सभी समाज रत्नों को सम्मानित करेंगे| आपका सहयोग हमेशा मिलता रहा है और मैं आशा करता हूं कि आप हमेशा अपना आशीर्वाद और सहयोग देते रहेंगे जय हिंद|


**CHAR KADAM WELFARE FOUNDATION**



(अध्यक्ष)
चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन

हमारा मिशन, आपका विकास



9313841944, 8368499053, 7982920706

Regd. Add- 46, Shakarpur Khas Delhi- 110092

Branch Off: B Block, Ground Floor Kaushik Enclave, Burari, Delhi-110084 ( Near Burari, Hospital Govt. of Delhi )

E-mail Id: charkadam.news@gmail.com


## ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Proposed CBSE School) महरा...

सम्बोधित करते हुए कहा की आप सब बहुत ही सौभाग्यशाली है कि आपके बच्चों की शिक्षा ग्रामीण अंचल में सभी भौतिक सुख सुविधाओं से सुसज्जित संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई है। स्कूल भवन के साथ-साथ ६००० एस्कवायर मीटर का खेलकूद का मैदान, पूरा स्कूल प्रांगड़ सी० सी० टी० बी० कैमरे से सुसज्जित है यह बहुत ही सराहनीय एवं सुन्दर प्रयास संस्थान के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह जी द्वारा उपलब्ध कराया गया है। न्यायमूर्ति श्रद्धेया श्रीमती मंजू रानी चौहान जी, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने नारी शक्ति एवं नारी के उत्थान हेतु बहुत सुन्दर सारगर्भित व्याख्यान दिया उन्होंने बताया कि एक नारी शक्ति जब शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। आपने संस्थान के पदाधिकारियों को बारे में बताया की सभी पधाधिकारी अनुशासन प्रिय है यही कारण है यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में अलौकिक कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम होगा। मेरा यह सौभाग्य है कि में इस ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे मुन्हे होनहार छात्र एवं छात्राओं के बहुत ही सुन्दर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ''नवरस'' थीम पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया, यह नवरस कार्यक्रम की संकल्पना को नन्हे मुन्हे होनहार छात्र एवं छात्राओं के माध्यम से मोती की मालाओं में पिरोने एवं सवॉरने तथा इस विशाल मंच पर प्रस्तुत करने की अद्द्भुत प्रेरणा देने का काम जिन शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को दिया है वे सब बधाई के पात्र है उन सभी का में सम्मान करती हूँ। इस ''नवरस'' थीम कार्यक्रम की संकल्पना का श्रेय संस्था के युवा प्रबंधक श्री सौरभ सिंह जी जाता है उनको भी मैं बधाई देती हूँ। विद्यालय के विकास में संस्थान के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह और प्रबंधक श्री सौरभ सिंह की सराहनीय भूमिका की सराहना की ।

सम्माननीय अतिथि (Guest of Honour) माननीय श्री कल्प राज सिंह जी, मा० सदस्य लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, श्री चिंतामणि सिंह जी ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे मुन्हे होनहार छात्र एवं छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम 'नवरस थीम पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया वह बहुत ही सुन्दर एवं सराहनीय है। में सस्था के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह जी का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हम को इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बनाया । वास्तव में इस ग्रामीण अंचल में संस्था के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह जी ने बहुत ही सुन्दर स्कूल भवन का निर्माण कराया हैं। जो की सभी भौतिक सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। तत्पश्चात सम्माननीय अतिथि (Guest of Honour) माननीय श्री चिंतामणि सिंह जी सह राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष गंगा समग्र, प्रयागराज उत्तर प्रदेश एवं सहमंत्री विद्या भारतीय पूर्वी उत्तर प्रदेश विशेष अतिथि मा० कमलेश कुमार सिंह, सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी मुंबई एवं विशेष अतिथि मा० श्री डॉ० तारकेश्वर सिंह जी, मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं जरनल फिजिशियन मुंबई ने छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना किया।



अंत में सस्था के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह जी ने इस समारोह में आये हुए गणमान्य अतिथयों विशेष कर मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्रद्धेया श्रीमती मंजू रानी चौहान जी, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, सम्माननीय अतिथि (Guest of Honour) माननीय श्री कल्प राज सिंह जी, मा० सदस्य लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, माननीय श्री चिंतामणि सिंह जी सह राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष- गंगा समग्र, प्रयागराज उत्तर प्रदेश एवं ''सहमंत्री विद्या भारतीय पूर्वी उत्तर प्रदेश विशेष अतिथि मा० कमलेश कुमार सिंह, सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी मुंबई एवं विशेष अतिथि मा० श्री डॉ० तारकेश्वर सिंह जी, मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं जरनल फिजिशियन मुंबई और छात्र छात्राओं तथा अभिभावकों एवं आस-पास ग्रामीण अंचल से आये हुए ग्राम प्रधानों और विशेष अतिथि मा० तरुणेन्द्र त्रिपाठी जी, थानाध्यक्ष थाना सरायममरेज, जनपद प्रयागराज, विशेष अतिथि - मा० विनोद दुबे जी, थानाध्यक्ष, थाना-दुगार्गंज, जनपद - भदोही एवं मा० सुधीर कुमार पाण्डेय जी, वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर पुलिस स्टेशन जंघई बाजार थाना सरायममरेज, जनपद प्रयागराज तथा मा० पुलिस सुरक्षा बलों - का आभार व्यक्त किया। श्री राजबली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के हमारे सहयोगी संस्था की वाईस चेयरमैन श्रीमती माधुरी सिंह, सचिव- श्री रावेन्द्र कुमार सिंह, सह-सचिव श्रीमती अलका सिंह, प्रबंधक सौरभ सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सुप्रिया सिंह का पूर्ण सहयोग के कारण ही ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Proposed CBSE School) महरछा, जंघई बाजार, जिला प्रयागराज द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ आप सब के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ । साथ ही साथ ग्लोबल इण्टरनेशनल स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रुचिता श्रीवास्तव सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं विशेषकर श्री प्रशांत चौधरी कारटि चैम्पियन की पूरी टीम, म्यूजिक टीचर, डांस टीचर तथा आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च महाविद्यालय (बी एड & DLED) के प्राचार्य एवं प्रशासनिक ऑफिसर श्री अखिलेशचन्द्र पाण्डेय एवं महाविद्यालय सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं, प्रशानिक ऑफिसर (HEAD) श्री आशुतोष कुमार सिंह, सुरक्षा इंचार्ज श्री पंकज सिंह और संस्थान के सभी सेवक गण सेविकाओं अथक प्रयास एवं सराहनीय योगदान से संस्थान का यह कार्य पूर्ण अनुशासन के साथ संपन्न हुआ आप सब के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ ।



आज़ादी का अमृत महोत्सव | महाराष्ट्र शासन | G20

# भक्ती, शक्ती आणि कलासक्ती यांचे संगमतीर्थ म्हणजे


# महाराष्ट्र

महाराष्ट्र दिनाच्या हार्दिक शुभेच्छा

अशा या आपल्या महाराष्ट्रात उद्यमशील, पुरोगामी, व्यावहारिक आणि कठोर परिश्रम करणारी मायबाप जनता ही मोठी शक्ती आहे. या शक्तीच्या जोरावर सर्वसमावेशक विकासाच्या दिशेने वाटचाल करू या, हीच आजच्या महाराष्ट्र दिनी मनोकामना!

- छत्रपती शिवाजी महाराजांच्या शिवशकानुसार शिवराज्याभिषेकाचे यंदाचे ३५० वे वर्ष असल्याने येत्या २ ते ९ जून २०२३ या कालावधीत 'शिवराज्याभिषेक महोत्सव' आयोजित करणार.
- छत्रपती शिवाजी महाराजांचे जन्मस्थान असलेल्या किल्ले शिवनेरीवर महाराजांच्या जीवनचरित्रावर आधारित संग्रहालय उभारणार.
- पुण्यातील आंबेगाव येथे छत्रपती शिवाजी महाराज संकल्पना उद्यान उभारणार.
- स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर यांचा २८ मे हा जन्मदिवस 'स्वातंत्र्यवीर गौरव दिन' म्हणून साजरा करणार.
- शिवजयंतीपासून 'जय जय महाराष्ट्र माझा' हे गीत राज्यगीत म्हणून स्वीकारले.





एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री

देवेंद्र फडणवीस
उपमुख्यमंत्री

https://mahasamvad.in | /MahaDGIPR | /MaharashtraDGIPR | माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C४३६




कोंडली के विधायक श्री कुलदीप कुमार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष श्री राम निवास गोयल जी राज्यसभा सांसद श्री सुशील गुप्ता जी पिछड़ा वर्ग आयोग दिल्ली सरकार के चेयरमैन जगदीश यादव जी अल्पसंख्यक आयोग दिल्ली सरकार के चेयरमैन जाकिर अली जी. नॉर्थ ईस्ट डिस्टिक दिल्ली पुलिस के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर श्री सुबोध कुमार गोस्वामी जी दिल्ली पुलिस के मुख्यालय के डीसीपी श्री सिकंदर सिंह जी.

# महाराष्ट्र से अनिल शर्मा, छत्तीसगढ़ से संध्या और मनीषा समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित होंगे







**नई दिल्ली,** समाज रत्न पुरस्कार सबसे आशाजनक पुरस्कार है जो राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देता है। यह पुरस्कार व्यक्तियों को उनके काम और समाज में उनके योगदान के लिए दिए जाने वाला निजी सार्वजनिक नागरिक सम्मान है।

यह चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गठित समिति की सिफारिशों पर चार कदम समाचार पत्र द्वारा प्रदान किया जाता है।

यह पुरस्कार विगत कई वर्षों से वर्ष में एक बार किया जाता है। यहां पर आपको बता दें इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले व्यक्ति को देश के सबसे फिर व्यक्तित्वों में से एक माना जाता है। इस वर्ष का यह सम्मान महाराष्ट्र के पावन धरती से सामाजिक कार्यकर्ता कर्मठ, नम्र, सहज, प्रखर वक्ता, युवा उद्योगपति, जननायक, वरिष्ठ पत्रकार, प्रबंध संपादक हिंदी सप्ताहिक कदम कदम पर श्री अनिल शर्मा को उनके सामाजिक कार्यों को ध्यान में रखकर समिति ने उन्हें इस वर्ष का समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय यह उनके चाहने वालों के लिए हर्ष का विषय है।

वहीं छत्तीसगढ़ की संध्या चंद्रसेन मनीषा सैमुएल को आदिवासी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है इन विलक्षण युवा प्रतिभाओं को भी 19 वें समाज रत्न पुरस्कार से 14 मई को नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा।

सम्मान समारोह का आयोजन 14 मई दिन रविवार सुबह 10.30 बजे न्यू महाराष्ट्र सदन कर्जन रोड नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

समिति ने कार्यक्रम में कई विशिष्ट सम्मानित अतिथियों को भी आमंत्रित किया है जिसमें प्रमुख हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी शिरकत करेंगे। आप 6 मई से उत्तर प्रदेश के विशेष विजिट पर है इसी दौरान प्रधान संपादक जी कई सामाजिक राजनीतिक और लखनऊ में की सरकारी नुमाइंदों से मुलाकात करेंगे और 13 मई को काशी से नई दिल्ली आयोजन में शिरकत करने के लिए प्रस्थान करेंगे।




**चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण,**
**ता ऊपर सुल्तान है, मत चूको चौहान।**

शब्दभेदी बाण की कला के जानकार, सनातन संस्कृति के रक्षक, वीर शिरोमणि, सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की जयंती 29 अप्रैल दिन शनिवार को बड़े धूम धाम से पूरे महाराष्ट्र प्रदेश में मनाई गई,ऐसी जानकारी मुम्बई अध्यक्ष दीना चौहान जी ने दी।

# बृहनमुंबई कलाध्यापक संघ मुंबई द्वारा कला शिक्षकों का सम्मान

**मुंबई** – मुंबई स्थित एन. के. इ.एस के सभागृह में गुरुवार दिनांक 26 अप्रैल को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान कलाध्यापक संघ के अध्यक्ष श्री हिरामण पाटील, व सचिव श्री वीरेंद सोनावने ने चित्रकला के क्षेत्र में अभी शिक्षकों के कला तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मान चिन्ह देकर गौरवान्वित किया गया चित्रकला में पुरस्कार पानेवाले विद्यार्थियों का सम्मान गया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीत शिक्षक श्री सचिन मोरे के भजन से हुआ तथा कार्यक्रम के प्रमुख अतिथी श्री संदीप डोंगरे (कला निरिक्षक महाराष्ट्र), श्री वागमोडे (परिक्षा निरिक्षक जे. जे स्कूल आफ आर्ट) उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई यह कार्यक्रम के एन.के.ई.एस सभागृह चुना गया इसलिए संस्था के प्रबंधक श्री अनंत बनवासी तथा एन-के. इस स्कूल की मुख्याध्यापिका श्रीमती उमामाहेश्वरी ने




कलाध्यापक संघ का आभार प्रकट किया था ' इस सम्मान समारोह में एन. क. ई. एस स्कूल केकला शिक्षक शिवयोगी सन्नमनी को ह्यकला तपस्वी, पुरस्कार से सम्मानित किया तथा सम्मान चिन्ह दिया इस अवसर पर एन. के. ई. एस स्कूल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा पुरस्कार पाने वाले कला शिक्षकों का अभिनंदन किया गया '



रूई देवगांव में चव्हाण परिवार के कुंकुम कार्यक्रम के अवसर पर सेन समाज के मान्यवर।

# वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में रियायत हेतु सांसद को ज्ञापन



**मुंबई** – वरिष्ठ नागरिकों को लंबी दूरी की रेल यात्राओं में पुर्ववत रियायत प्रदान करने हेतु युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सचिनसिंह, वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह, मैथ्यु चेरियन, मनोज सिंह द्वारा ईशान्य मुंबई के लोकप्रिय सांसद मनोज कोटक को उनके मुलुंड प. स्थित कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञातव्य है कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान केंद्रीय सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रियायतों को स्थगित कर दिया गया था। इन समाज सेवकों द्वारा सांसद महोदय से अनुरोध किया गया कि वे माननीय प्रधान मंत्री एवम रेल मंत्री से मिलकर वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायतों को पुनः बहाल करवायें।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# तिलकोतसव कार्यक्रम मे शामिल हुए श्री दिनेश शर्मा जी संस्था अध्यक्ष जौनपुर एवं श्री शिवदयाल शर्मा प्रांतीय महासचिव एमडब्ल्यूओ



ईश्वर की असीम अनुकम्पा से दिनांक 30 अप्रैल 2023 को श्री शंकर दीन शर्मा के सुपौत्र शेषमणि शर्मा सुपुत्र श्री राजकुमार शर्मा ग्राम पंचायत : तिवारीपुर, पोस्ट : भरथीपुर, जनपद : सुल्तानपुर (उ0प्र0) के तिलकोतसव कार्यक्रम मे शामिल हुए संगठन के पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार शर्मा जी (भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर ) संस्था अध्यक्ष तथा माननीय शिवदयाल शर्मा जी प्रान्तीय महासचिव एवम् जिला प्रभारी सुल्तानपुर एम डब्ल्यू ओ (उत्तर प्रदेश ) इस कार्यक्रम मे श्री शैलेन्द्र शर्मा जी, श्री सुनील दत्त शर्मा जी (भा0 ना0 क0 वि0 से0 स0 जौनपुर ), चौधरी दीनदयाल शर्मा बैठक शहर, रबीद्र शर्मा जी (एम डब्ल्यू ओ) के अलावा कई सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देवी मां के कराहा पूजन के कार्यक्रम में शामिल हुए हजारो श्रद्धालु जयकारे से गूंजा पंडाल

दिनांक 28/04/2023 दिन शुक्रवार ग्राम चवरिया, बेलवार,सुजानगंज, जौनपुर में आदिशक्ति जगत जननी देवी मां के कराहा पूजन कार्यक्रम में दूरदराज के क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम भटरवार के पूर्व प्रधान श्री लक्ष्क्षनधारी शर्मा जी के द्वारा श्री श्याम नारायण शर्मा जी के निजी आवास पर उक्त पूजन कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

आवास के सामने स्थित खुलें स्थान में मां का भव्य पूजन कार्यक्रम हुआ लगभग 4 घंटे तक चलने वाले इस पूजन कार्यक्रम में आस पास के अलावा दूरदराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में




भक्तगण उपस्थित होकर मां का जयकारा लगाते हुए दिखाई दिए विज्ञान की सीमाओं से परे कुछ आध्यात्मिक दृष्टि जब दिखाई देता है। तब हर इंसान की चेतना शून्य हो जाती है। कराहा पूजन कार्यक्रम में बनते हुए खीर में तथा खौलते हुए घी में बनने वाली पूरी को मां के भक्त लक्ष्मण धारी शर्मा के द्वारा हाथों से निकाल लेना यह सोचने पर विवश कर देता है। कि अध्यात्म की शक्ति विज्ञान की सीमाओं से परे है। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा व अन्य पदाधिकारी एवम् सदस्यगण।




# भारतीय राष्ट्रीय मजदूर काँग्रेस (इंटक) फेडरेशन के तत्त्वाधान में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन


अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 01 मई के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर के खरोरा इलाके में दोपहर 12 बजे से भारतीय राष्ट्रीय मजदूर काँग्रेस (इंटक) फेडरेशन के तत्त्वाधान में प्रदेश ईकाई के मार्फत श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री स्वामीनाथ जायसवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्री योगेश्वरानंद नेताम ह्ययोगी'' करेंगे। खरोरा में आयोजित किए जा रहे श्रमिक सम्मान समारोह में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर काँग्रेस (इंटक) फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री स्वामीनाथ जायसवाल जी राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। सम्मेलन में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस मौके पर श्रमिकों के सम्मान में सामूहिक बोरे-बासी भोज का आयोजन होगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री स्वामीनाथ जायसवाल जी के अनुरूप श्रमिक दिवस के दिन श्रम के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने प्रदेश में बोरे-बासी तिहार का भी आयोजन किया जा रहा है।

श्रमिक सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव भारतीय राष्ट्रीय मजदूर काँग्रेस डॉ. हौशिलाप्रसाद श्यामनारायण शर्मा जो कि किसान युनियन के राष्ट्रीय महासचिव भी हैं और सेन समाज के प्रख्यात समाजसेवक भी हैं, इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. आमिर खान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजेश गढिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ राज्य के सहप्रभारी श्री अश्विनीकुमार मिश्रा, उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष श्री अनिल कुमार अग्रवाल, तमिलनाडु के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट देवराजन

एवं समस्त सदस्यगण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष श्री योगेश्वरानंद नेताम की अध्यक्षता में किया जा रहा है और प्रदेश चे युवा इकाई के अध्यक्ष श्री अभिनव टोपो और महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती अंजली बघेल भी इस कार्यक्रम के आयोजन में अपना योगदान दे रहे हैं।



# पत्थर से सिर कुचलकर पत्नी की हत्या, संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद




**नागपुर :** बेलतरोड़ी थानांतर्गत खापरी पुनर्वास परिसर में एक व्यक्ति ने पत्थर से सिर कुचलकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया. बताया जाता है कि दोनों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था. मृतका साकेतनगरी, बेलतरोड़ी निवासी शयजाबाई बाबाराव नागपुरे (53) बताई गई. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शयजा के पति बाबाराव माधवराव नागपुरे (56) को गिरफ्तार कर लिया. शयजा उसकी दूसरी पत्नी थी. बाबाराव की पुश्तैनी खेती थी. करीब 1 वर्ष पहले बाबाराव ने वर्धा के गिरड रोड पर उमरी गांव की खेती बेची थी. इससे उन्हें मोटी रकम मिली थी. शयजा ने आधी रकम अपने पास रख ली. कुछ समय बाद शयजा ने साकेतनगरी में स्थित मकान भी अपने नाम पर करवा लिया.

**खापरी पुनर्वास में मिला था प्लॉट**

बाबाराव की शिवणगांव में भी खेती थी. यह जमीन मिहान में अधिग्रहित होने के कारण उसे खापरी पुनर्वास में प्लॉट मिला था. शयजा चाहती थी कि यह प्लॉट भी उसके नाम पर हो जाए लेकिन बाबाराव ने इनकार कर दिया. इस वजह से दोनों के विवाद होते थे. करीब 4-5 महीने पहले शयजा ने बाबाराव को घर से निकाल दिया. तब से वह जहां छत मिल जाए रात गुजार लेता था. सब्जी बेचकर अपना उदर निर्वाह कर रहा था. 2 दिन पहले शयजा ने खापरी पुनर्वास के प्लॉट पर झोपड़ा बनाना शुरू किया. साफ-सफाई करवाई और मजदूरों को भी बुला लिया. मंगलवार को बाबाराव को इसकी जानकारी मिली. दोपहर 12.30 बजे के दौरान वह प्लाट पर पहुंचा. शयजा झोपड़ा बनाने के काम में लगी थी. बाबाराव ने सारी संपत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए उसे काम करने से रोका.

**20 वर्ष दोनों साथ रह रहे थे**

दोनों के बीच विवाद हो गया. बाबाराव ने चाकू निकाल लिया. हाथापायी में दोनों को चोट लगी. तभी बाबाराव ने शयजा को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और बड़ा पत्थर उठाकर सिर पर मार दिया. 2 बार सिर पर पत्थर का वार होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पास रहने वाले लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. खबर मिलते ही बेलतरोड़ी थाने की इंस्पेक्टर वैजयंती मांडवधरे अपने दल के साथ मौके पर पहुंचीं. बाबाराव घटनास्थल पर ही मौजूद था.

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. शयजा और बाबाराव को बच्चे नहीं थे. उनके पति-पत्नी होने का कोई दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला है लेकिन परिचित लोगों के अनुसार दोनों 20 वर्ष से साथ रह रहे थे.

# शरद पवार ने दे दिया राउत को झटका

## कह दी ये बड़ी बात, विपक्षी एकता पर संशय बरकरार

**मुंबई :** महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापठक जारी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर विपक्षी एकता को लेकर शंसय पैदा कर दिया है। भले ही विपक्षी दल उनके साथ होने की राग अलाप रहा हो लेकर शरद पवार हर बार झटका दे रहे हैं। इस बार उन्होंने संजय राउत के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बड़ा झटका दे दिया है। उन्होंने कहा कि सीएम बदलने के बारे में संजय राउत ने जो कुछ भी कहा है वह उनके अपने स्रोतों से ही होगा। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। रही बात अजित पवार के सीएम बनने की तो अजित पवार ने खुद कहा है कि उन्हें भविष्य का सीएम बताने वाला पोस्टर लगाना पागलपन है।



महाराष्ट्र में बारसु रिफाइनरी परियोजना पर राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि किसी भी आगामी परियोजना के बारे में हमारा विचार महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन यह स्थानीय लोगों और इन परियोजनाओं से प्रभावित लोगों की राय है जिसे सुनने की आवश्यकता है। बारसू रिफाइनरी के विरोध पर राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि मैंने उदय सामंत (महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री) से पूछा कि बारसू में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया गया या नहीं। उन्होंने मुझे बताया कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग नहीं किया। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि सरकार वहां केवल मिट्टी परीक्षण कर रही है और भूमि सर्वेक्षण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। मैंने उनसे कहा कि सरकार को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए और स्थानीय लोगों के साथ इस मुद्दे पर भी चर्चा करनी चाहिए।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को बेल, बैंक को लगाया था 1.89 करोड़ का चूना

**नागपुर :** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से 1.89 करोड़ रुपये का लोन लेने के मामले में जेल में बंद आरोपी लोकेश सरपे को अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश एसए एसएम अली ने जमानत मंजूर की है. पुलिस ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मैनेजर साकेत प्रसाद की शिकायत पर एनसीपी कार्यकर्ता गुलाम अशरफी, लोकेश सरपे और इमरान खान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था. गुलाम के कहने पर उसके साथी सरपे ने वेकोलि में कार्यरत होने के फर्जी दस्तावेज बैंक में जमा किए.




आयकर भरने सहित अनेक बोगस दस्तावेज तैयार कर सरपे के नाम पर 89 लाख रुपये का लोन लिया गया. इसी तरह इमरान के नाम पर भी 1 लाख रुपये का लोन लिया गया था. मामला सामने के बाद पुलिस ने गुलाम, इमरान और सरपे को गिरफ्तार किया था. इस मामले में इमरान को पहले ही जमानत मिल चुकी है. सरपे के वकील कमल सतुजा और कैलाश डोडानी ने कोर्ट को बताया कि उसे फर्जी मामले में फंसाया गया है. वह गुलाम का कर्मचारी था. उसे अंधेरे में रखकर बैंक से लोन लिया गया. इस घोटाले का मास्टर माइंड गुलाम है और सारे दस्तावेज उसी ने तैयार किए. लोन की राशि भी उसे ही मिली. सरपे ने जांच में पूरा सहयोग किया है. पुलिस इस मामले में आरोपपत्र भी दायर कर चुकी है. संपत्ति पहले ही बैंक जब्त कर चुकी है. बैंक संपत्ति बेचकर लोन की राशि ले सकती है, इसीलिए उसे जमानत मंजूर की जाए. सरकारी वकील कमलाकर ने जमानत का विरोध किया.

# अतीक मुंबई के व्यापारियों को जेल में बुलाकर देता था धमकी

## हवाला के जरिए करता था वसूली... अतीक अहमद के आतंक की कहानी,फिलहाल डरे कारोबारी नहीं आ रहे हैं सामने

**मुंबई :** देश की मायानगरी और आर्थिक राजधानी मुंबई में यों तो हाजी मस्तान से लेकर करीम लाला और दाऊद माफिया से लेकर छोटा राजन, अरुण गवली, छोटा शकील जैसे कई माफिया डॉन रहे। इन लोगों ने बॉलिवुड से लेकर मुंबई के बिल्डरों तक सबसे खूब उगाही की। अब पता चला है कि मुंबई में उगाही करने वालों में यूपी का माफिया डॉन अतीक अहमद भी शामिल था। अतीक को पिछले पखवाड़े यूपी में उसके भाई अशरफ के साथ पुलिस हिरासत में गोलियों से भून दिया गया था। यूपी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अतीक अहमद जब यूपी में नैनी जेल और गुजरात में साबरमती जेल में बंद था, तो उसने मुंबई में कई बिल्डरों और उन लोगों को धमकी भरे फोन किए, जिनकी प्रॉपर्टी किसी न किसी विवाद में थी। इन लोगों को अतीक ने बाकायदा जेल भी उससे मिलने के लिए बुलाया।



**इस तरह देता था धमकी**

जेल मुलाकात में भी कारोबारियों को धमकी दी गईं। कहा कि फलां, फलां प्रॉपर्टी हमारे नाम सौंप दो या सस्ते रेट में उसके लोगों को बेच दो अन्यथा हमारे लोग तुम्हें कभी छोड़ेंगे नहीं। यूपी पुलिस के इस अधिकारी के अनुसार, लोग डर जाते थे और फिर जैसा कि उसका निर्देश होता था, हवाला के जरिए उसके लोगों तक रकम पहुंचा दी जाती थी। जिस-जिस को भी अतीत ने मुंबई में फोन किए, यूपी पुलिस के अनुसार, किसी ने भी उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की भी हिम्मत नहीं की।

**मुंबई में ऐसे कारोबारियों को चुनता था अतीक**

अंडरवर्ल्ड के खिलाफ लंबे समय तक काम कर चुके मुंबई पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, चूंकि मुंबई में अंडरवर्ल्ड का ही खौफ रहा है, इसलिए मुंबई के ज्यादातर लोग अतीक को जानते तक नहीं। मुंबई पुलिस के इस अधिकारी का कहना है कि अतीक ने उन लोगों को धमकियां दीं, जो रहते तो मुंबई में थे, लेकिन जिनकी प्रॉपर्टी यूपी में है। वह यूपी की इन्हीं प्रॉपर्टीज के लिए यूपी के मुंबई में रहने वालों को अलग-अलग जेलों से फोन करता था।

# स्कूल जाने के लिए निकले चार बच्चे लापता

**ठाणे।** ठाणे जिले में घर से स्कूल जाने के लिए निकले चार बच्चे लापता हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शिवाजी नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को अंबरनाथ शहर में हुई जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 363 (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि 14-15 साल के ये बच्चे सुबह करीब सात बजे ही घर से निकले लेकिन




वापस नहीं लौटे। पुलिस के अनुसार चारों अंबरनाथ के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं और वे एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। उन्होंने ने बताया कि बच्चों के अभिभावकों ने उन्हें अंबरनाथ और आस-पास के इलाकों में ढूंढा लेकिन वे नहीं मिले। अधिकारी के मुताबिक, एक बच्चे के शिक्षक ने माता-पिता को फोन कर बताया कि उनका बच्चा स्कूल नहीं आया है और जब उसके माता-पिता पता करने स्कूल पहुंचे तो उन्हें पता चला कि तीन अन्य बच्चे भी स्कूल नहीं आए हैं।

# मुंबई एयरपोर्ट पर गोल्ड तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, करोड़ों का सोना जब्त, 18 सूडानी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर एक बार फिर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया। शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने मंगलवार को दी कि 18 सूडानी महिलाओं के साथ एक भारतीय महिला को छत्रपति शिवाजी अस्पताल में 10.16 करोड़ रुपये मूल्य की 16.36 किलोग्राम पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया है।

अधिकारी ने कहा कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर पता



चला कि सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात से मुंबई आने वाले यात्रियों के बीच पेस्ट के रूप में सोने की भारत में तस्करी की जा रही है। इसके बाद डीआरआई के अधिकारियों ने शहर के हवाई अड्डे पर निगरानी रखी।

उन्होंने कहा कि जिन यात्रियों पर तीन उड़ानों में यात्रा करने वाले सिंडिकेट का हिस्सा होने का संदेह था, उनकी पहचान की गई और हवाईअड्डे पर डीआरआई की एक टीम ने उन्हें रोका। अधिकारी ने कहा कि उनकी तलाशी के दौरान, डीआरआई ने पेस्ट के रूप में 16.36 किलोग्राम सोना, कटे हुए सोने के टुकड़े और आभूषण बरामद किए, जिनकी कुल कीमत 10.16 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि तस्करी का सोना ले जा रही सूडान की 18 महिलाओं और यात्रियों की आवाजाही का समन्वय करने वाली एक भारतीय महिला को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि बरामद सोने का अधिकांश हिस्सा संदिग्ध यात्रियों के शरीर पर छिपा हुआ पाया गया, जिससे कीमती धातु का पता लगाना बेहद मुश्किल हो गया।

# 40 की उम्र के बाद अधिक रहता है काला मोतियाबिंद का खतरा

**बि**गड़ती जीवनशैली के चलते लोगों का रोगों की चपेट में आना आम बात हो गई है। इसी की तर्ज पर हाल ही में नेत्र रोग को लेकर एम्स के डॉक्टरों ने एक बड़ा खुलासा किया है।एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि काला मोतियाबिंद एक ऐसा रोग है जिसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। यह रोग 40 साल की उम्र के बाद हर 20 में से एक व्यक्ति को होने की संभावना रहती है। एम्स स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के प्रमुख प्रोफेसर अतुल कुमार का कहना है कि काला मोतियाबिंद रोग होने का खतरा उन लोगों को अधिक रहता है, जिनके परिवार में यह बीमारी किसी को हो चुकी हो। यानि कि इस रोग आनुवंशिक रोग भी कह सकते हैं।

अन्य प्रोफेसर डॉ. रमनजीत सिहोता का कहना है कि अक्सर लोग ऐसी गलत धारण पाल कर रखते हैं कि काला मोतियाबिंद होने पर उनकी आंखों की रोशनी चली जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप समय पर इस बीमारी के



लिए गंभीर हो जाएं और इलाज कराएं तो रोग से पूरी तरह छुटकारा पाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग इलाज में लापरवाही बरतते हैं उनकी आंखों की रोशनी जाने के 90 प्रतिशत चांस रहते हैं। इस बीमारी में एक बार आंख की रोशनी चली जाने के बाद उसे वापस नहीं लाया जा सकता है।

**क्या है काला मोतियाबिंद**

काला मोतिया ऐसी बीमारी है जो आंखों में दबाव बढ़ने से जुड़ी हुई है। हमारी आंखों में एक तरल पदार्थ भरा होता है जिससे आंखों का आकार बनाए रखने में मदद मिलती है और लैंस तथा कार्निया को पोषण मिलता है। ऐसे में मरीज की आंखों से तरल पदार्थ ठीक से बाहर नहीं निकल पाता। इससे आंख के अंदर दबाव बढ़ जाता है और रक्त वाहिकाएं ऑप्टिक नर्व की ओर बढ़ जाती हैं। नर्व कोशिकाएं धीरे-धीरे मरती जाती हैं और इसके साथ-साथ दृष्टिहीनता भी बढ़ती जाती है। जिसे ठीक किया जाना संभव नहीं होता। आमतौर पर काला मोतिया का पता तब तक नहीं चलता जब तक मरीज दृष्टिहीन नहीं हो जाता।



**लक्षण**

आंखों के सामने छोटे-छोटे बिंदु और रंगीन धब्बे दिखाई देना।

आंखों के आगे इंद्रधनुष जैसी रंगीन रोशनी का घेरा दिखाई देना।

चक्कर आना और मितली आना।

आंखों में तेज दर्द होना।

साइड विजन को नुकसान होना और बाकी विजन नॉर्मल बनी रहती हैं।

# ग्रीन टी के फायदों की लिस्ट है लंबी पर क्या सुबह खाली पेट इसका सेवन है लाभकारी?

सेहत के लिए ग्रीन टी कई तरह से फायदेमंद होती है। वेटलॉस ड्रिंक की बात करें तो इसमें सबसे ऊपर ग्रीन टी का ही नाम आता है। वजन घटाने से लेकर ब्लड शुगर कंट्रोल और इससे पाचन में भी सुधार होता है। ग्रीन टी पीने से कोलेस्ट्रोल कम करने में भी मदद मिलती है। इसके फायदों की लिस्ट काफी लंबी है और सेहत विशेषज्ञों की मानें तो एक दिन में दो कप ग्रीन टी पीने से सेहतमंद रहा जा सकता है।

कुछ लोगों को ग्रीन टी इतनी पसंद होती है कि इसी से अपने अपने दिन की शुरुआत करते हैं लेकिन क्या वास्तव में सुबह के वक्त खाली इसका सेवन फायदेमंद हैं? जानकारों की मानें तो खाली पेट ग्रीन टी पीने से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ऐसा माना जाता है कि ग्रीन टी में जो कैफीन होता है उससे एंग्जायटी की स्थिति और बदतर हो सकती है। इसलिए एंग्जायटी यानी चिंता या पैनिक अटैक से ग्रस्त लोगों को ग्रीन टी का सेवन कम करना चाहिए। खाली पेट तो बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इसमें मौजूद कैटेचिन खाद्य पदार्थों से आयरन के अवशोषण को घटा देता है। अगर आपको आयरन डेफिशियंसी एनीमिया है तो नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुसार आपको खाना खाने के बीच में ग्रीन टी पीनी चाहिए। इससे खाने से मिलने वाले आयरन का अवशोषण बढ़ जाता है। जब भी आप खाली पेट चाय का सेवन करते हैं तो इसमें मौजूद यौगिक शरीर और रक्त यानी ब्लड को प्रभावित करते हैं। इसीलिए जब आप ग्रीन टी पीते हैं तो इसके साथ कुछ खाएं जरूर। यह शरीर में मौजूद प्रोटीन को कम करती है। खाली पेट इसके सेवन करने वालों को अल्सर और हाइपर ऐसिडिटी होने का खतरा रहता है। खाली पेट लेने से आपको गैस और एसिडिटी की भी परेशानी हो सकती है। साथ ही इसके सेवन से पित्त रस के बनने और काम की प्रक्रिया पर असर पड़ता है। इसकी वजह से मिचली आ सकती है और घबराहट महसूस हो सकती है।



ग्रीन टी में कैफीन होता है, जो कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे तनाव हार्मोन को रिलीज करता है जिससे ब्लड प्रेशर और दिल की धड़कन बढ़ जाती लिहाजा दिल के रोगियों के लिए ग्रीन टी ठीक नहीं है। अगर दिन में कई बार आपकी दिल की धड़कन तेज हो जाती है और ब्लड प्रेशर पर भी असर पड़ता है, तो ऐसे लोग कम ही सेवन करें।

सुबह- सुबह ग्रीन टी का सेवन करना सबसे अच्छा है लेकिन यदि आप इसके साथ कुछ स्नैक्स लेते हैं। आप चाहें तो २ बिस्कुट या कोई एक फल भी ग्रीन के साथ सर्व कर सकते हैं। इस तरह पीने से आप इससे कई फायदे मिलेंगे और हमेशा सेहतमंद रहेंगे।

# गोरा बच्चा देने वाला केसर, पेट में ही ले सकता है उसकी जान, जानिए किस महीने से खाना चाहिए

भारत में ऐसी कई मान्यताएं और प्रथाएं प्रचलित हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इन्हीं में से एक है कि प्रेग्नेंसी में केसर खाने से गोरा और सुंदर बच्चा पैदा होता है। माना जाता है कि गर्भावस्था में केसर बहुत फायदेमंद होता है और इसमें कुछ औषधीय गुण होते हैं जो प्रेग्नेंसी के लक्षणों से लड़ने में मदद करते हैं।

केसर चिंता, तनाव, और पेट दर्द से भी आराम दिलाता है और अपने गुणों के कारण गर्भवती महिलाओं के लिए लाभकारी माना जाता है। हालांकि, अगर केसर को मॉडरेशन में ना खाया जाए, तो इसके कुछ नुकसान भी हो सकजे हैं जिनके बारे में आगे बताया गया है।



केसर में अनेक औषधीय गुण होते हैं और इस वजह से गर्भवती महिला के लिए यह फायदेमंद माना जाता है। यह स्ट्रेस, दर्द और ऐंठन, मूड स्विंग्स और गर्भावस्था में होने वाली दिक्कतों से आराम दिलाता है।

हालांकि, केसर के अधिक मात्रा में सेवन करने से कुछ दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। यह कॉन्ट्रैक्शन और प्रीमैच्योर डिलीवरी को ट्रिगर कर सकता है।

चूंकि, केसर नुकसान भी पहुंचा सकता है इसलिए केसर को प्रेग्नेंसी डाइट में शामिल करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना, जैसे कि :

प्रेग्नेंसी के पांचवे महीने के शुरू होने पर ही केसर लेना शुरू करना चाहिए क्योंकि इस समय तक गर्भ ठहर चुका होता है और गर्भपात का खतरा ना के बराबर रहता है।

किसी भी व्यंजन में गर्भवती महिला के लिए सिर्फ दो या तीन स्ट्रैंड ही डालें क्योंकि ज्यादा केसर हानिकारक हो सकता है। हमेशा अच्छी क्वालिटी का ही केसर खरीदें और आर्टिफिशिय कलर वाला या अशुद्ध केसर खरीदने से बचें। हर चीज के फायदे और नुकसान दोनों होते हैं और केसर के साथ भी कुछ ऐसा ही है। केसर की अधिक खुराक गर्भवती महिला को नुकसान पहुंचा सकती है क्योंकि इससे गर्भाशय में संकुचन पैदा हो सकता है। इसके अन्य दुष्प्रभाव हैं :

केसर शरीर के तापमान और हीट को बढ़ा देता है जिससे गर्भाशय में संकुचन पैदा होता है। इसकी वजह से प्रेग्नेंसी के शुरुआती हफ्तों में मिसकैरेज हो सकता है। केसर हमेशा प्रेग्नेंसी की दूसरी तिमाही से खाना शुरू करें।

कुछ गर्भवती महिलाओं को केसर खाने पर चिंता, मुंह में सूखापन, मतली और सिरदर्द हो सकता है। ऐसी कोई समस्या दिखने पर तुरंत केसर का सेवन बंद कर दें। केसर कुछ महिलाओं में उल्टी का कारण भी बन सकता है। इसकी वजह से मां को थकान होने के साथ बच्चे में भी जरूरी पोषण की कमी हो सकती है।

ज्यादा केसर लेने पर गर्भाशय उत्तेजित होता है और पेट में बार-बार संकुचन महसूस होने लगता है। इससे प्रीमैच्योर लेबर हो सकता है।

शामक प्रभाव के कारण केसर की अधिक खुराक लेने पर चक्कर महसूस हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के स्टेज के अनुसार अगर आपको कोई एलर्जी हो रही है तो केसर खाने की वजह से आपको नाक से खून आने की शिकायत भी हो सकती है।

इसके अलावा हाथ-पैरों का सुन्न होना, पीलिया, दस्त और पेशाब या मल में खून आने का खतरा भी रहता है।



# वजन घटाने से लेकर इम्यूनिटी बढ़ाने तक, हलीम बीज के फायदे हैं अनेक

आमतौर पर बहुत से लोग सुपरफूड खाना पसंद करते हैं। चिया, लौकी और असली के बीज सहित कई ऐसे सीड्स हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। फिट रहने और बीमारियों से सुरक्षा के लिए दुनिया भर में लोग बड़े पैमाने पर सुपरफूड का सेवन करते हैं।

हलीम बीज ऐसा ही एक बीज है, जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। इसे गार्डन क्रेस सीड या हलीवा सीड भी कहा जाता है। यह छोटा लाल बीज फोलेट, आयरन, फाइबर,विटामिन सी, ए, ई और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों का पावरहाउस कहा जाता है। आइए जानते हैं सेहत के लिए हलीम बीज के फायदे।

संपूर्ण स्वास्थ्य और गर्भधारण के लिए स्वस्थ मासिक धर्म बहुत महत्वपूर्ण है। हलीम बीज में फाइटोकेमिकल मौजूद होते हैं। रोजाना हलीम के बीज का सेवन करने से हार्मोन नियंत्रित रहते हैं और अनियमित मासिक धर्म की समस्या दूर हो जाती है।

हलीम बीज गैलेक्टैगॉग गुणों से भरपूर होता है। इसमें आयरन और प्रोटीन भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए यह सुपरफूड बहुत फायदेमंद है। गैलेक्टैगॉग खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल स्तन के दूध को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसे बादाम और गोंद के लड्डू में मिलाकर भी खाया जा सकता है।

हलीम बीज में भरपूर मात्रा में आयरन पाया जाता है। यह लाल रक्त कोशिकाओं की वृद्धि को बढ़ाता है और हीमोग्लोबिन के स्तर को सुधारता है। इसके अलावा हलीम बीज में विटामिन सी भी मौजूद होता है। एक चम्मच हलीम बीज में १२ मिलीग्राम आयरन पाया जाता है। इसका सेवन करने से शरीर में खून की कमी नहीं होती है।

# सविता बच्चों को पढ़ाई के लिए हमेशा प्रोत्साहित करती रहीं: मधुरकांत


## सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ स्कूल को सुविधा कक्ष समर्पित किया



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** बिलासपुर के छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों हेतु सुविधा कक्ष का निर्माण ''सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशनह्व द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान हेतु किया गया। शाला में एक गरिमामय कार्यक्रम में सुविधा कक्ष को शाला को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शिक्षण समिति के सचिव छतराम स्वर्णकार ने महिला सुविधा कक्ष में पर्दा लगाकर महिला स्टाफ को सौंपा। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक मधुरकांत ने शाला की शिक्षिका सविता प्रथमेश को याद करते हुए कहा कि वे बच्चों के बीच लोकप्रिय रहीं और उन्होंने बच्चों को हमेशा उत्साहित किया। सविता प्रथमेश महिला कर्मचारियों की सुविधाओं की हमेशा मांग करती रहीं। सचिव छतराम स्वर्णकार ने स्टाफ के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। फाउंडेशन के निदेशक प्रथमेश सविता ने कहा कि आज हमें महिलाओं के प्रति संवेदनशील



होने की जरूरत है, उनके लिए कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ शौचालय व आराम कक्ष बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंद्रशेखर विठालकर ने किया व आभार प्राचार्य प्रशांत चिपड़े ने किया। कार्यक्रम में सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन के अन्य डायरेक्टर ऐश्वर्य लक्ष्मी बाजपेयी, दिव्या बाजपेयी एवं श्रेयांश बुधिया, छत्तीसगढ़ स्कूल कोटमी सोनार के प्राचार्य प्रफुल्ल शर्मा, अनीश गुप्ता, शिक्षक व शिक्षिकाएं अंजनी शर्मा, कुमारी सोनाली




भट्टाचार्य, प्रीति बाकरे रेणुका भुरंगी, लोकेश शुक्ला के साथ समस्त शिक्षकगण व कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

# सेल्फी.. जरा बच के ट्विंकल आडवाणी

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :** पहले के लोग खुद को पानी में निहारते थे। फिर आईने में खुद को देखा करते थे, मगर अब तो हर कोई खुद को मोबाइल में ही निहारता नजर आता है । विज्ञान के नित्य नए अविष्कारों ने जीवन को बहुत सरल के साथ परेशानियों भरा भी बना दिया है। ऐसी ही एक नई बीमारी का नाम है सेल्फी, खुद ही खुद की फोटो खींचना, तो कभी दूसरो के साथ।

2013 में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया गया शब्द सेल्फी जिसने सोचने पर मजबूर कर दिया है। कहां गई हमारी संवेदना...कोई मर गया है उसके साथ सेल्फी ,कहीं एक्सीडेंट हो गया कोई परेशानी में है लोग सेल्फी ओर वीडियो बनाते हैं। कुछ लोग आत्महत्या से पहले सेल्फी व वीडियो बनाकर जा रहे हैं। उफ.हिंदुस्तान में सेल्फी से सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं।

सेल्फी ने शारीरिक व मानसिक बीमारी शुरू कर दी है जिसे सेल्फी ऐल्बो कहते हैं। कलाई पर जोर ,मसल्स इंजरी व अकेलेपन का शिकार होना साथ ही फोटो डालने के बाद लाईक कमेन्ट के लिए इंतजार व उसके आधार पर मूड खराब होना लोगों को मानसिक रुप से कमजोर कर रहा है।

सेल्फी की दीवानगी इस कदर है कि लोग ट्रेन में लटकते, पानी मे कूदते तो कभी बड़ी मंजिलों मे खड़े होकर, खतरनाक जानवरों के संग तो कभी मंदिरों में फोटो खींच आते हैं। हिंदुस्तान में कई मौतें हुई हैं सेल्फी का शौक जानलेवा साबित हो रहा है न केवल युवा बल्कि हर उम्र में



दीवानगी देखी गई है।


वैसे सेल्फी कुछ लोगों को बहुत खुशी देती है कुछ पल की खुशी स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डालती है। मगर इतनी दिवानगी अच्छी नही है। आप सेल्फी लें मगर कभी कभी,कहीं कहीं ।

कुछ दिन पूर्व एक मित्र के साथ घूमने गए। वे पूरी टाइम सेल्फी ही लेते रहे, ना वादियों का मजा लिया ना आरती का , न शांति से खड़े होकर प्रकृति के संग रहे, न सुकून से कहीं बैठे। हर थोडी. देर मे स्टेटस डालते रहे, क्या इतना जरूरी है हर थोड़ी देर मे फीडबैक देखना। उन्हें देखकर मेरी शांति भंग हो रही थी।

खैर विज्ञान के आविष्कार ने मानव को आगे बढ़ाया है सेल्फी ने ही कुछ लोगों की सुंदरता को बढ़ा दिया है। इतने सारे ऐप्प हैं कि वह अपने आप को हर रूप में डाल लेते हैं । सेल्फी की वजह से लोग खुद को सुंदर बना रहे हैं जरूरी है मगर इतना नहीं कि ये सब जानलेवा बन जाए और आप भी सेल्फी के दीवाने हैं तो सेल्फी को कम समय दीजिए। जब आसपास हैं उसका मजा लीजिए , हजारों नहीं केवल एक फोटो ही काफी है यादों को जवा करने के लिए।

# अनन्या ने क्लास नाइंथ में टॉप किया

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** केन मेमोरियल क्रिस्चियन इंग्लिश मीडियम स्कूल कुदुदंड की नवमीं



की छात्रा अनन्या चिंचोलकर ने 90.5 प्रतिशत अंक हासिल कर क्लास में टॉप किया है। अनन्या दैनिक भास्कर बिलासपुर में चीफ सब एडिटर सुनील चिंचोलकर की सुपुत्री हैं। अनन्या की इस उपलब्धि पर केन मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल एके जोसफ, नूतन रश्मि सैमूएल, मनोरमा प्रसाद, रेणु भान, सुचि सुनीता विल्सन, तरन्नुम ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं ।

# कपिल गीत कुशीनगर म्यूजिक चैनल का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया

**कुशीनगर(समऊर बाजार)** मुंबई महानगर में स्थापित कपिल गीत कुशीनगर यू-ट्यूब भक्ति गीत म्यूजिक चैनल के तीसरे स्थापना दिवस पर गायक कलाकार रामरती मननधुरी खरवार चौक समऊर बाजार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हनुमान मंदिर भागीपट्टी के मुख्य पूजारी लोकेश दासजी महराज और शिव मंदिर के मुख्य पूजारी लक्ष्मण दास जी ने वरिष्ठ गायक नंदन कुशवाहा और राजवल्लभ खरवार के सहयोग से मंत्र द्वारा केक काटा और खरवार चौक पर अगरबत्ती जला कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रादेशिक खरवार सभा कुशीनगर जिला इकाई अध्यक्ष व पूर्व ग्राम प्रधान रूदल प्रसाद खरवार,देवरिया जिला अध्यक्ष




गुरुज खरवार, सूर्यनाथ खरवार ने भोजपुरी सिनेमा के कलाकार और टी-सीरीज फेम गायक धर्मेन्द्र खरवार को समाज की तरफ से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान डॉ अनिरुद्ध कुशवाहा,गोपाल गुप्ता,जवाहर गौड़,डॉ पारस शर्मा (वैद जी) डॉ. नंदलाल खरवार हरकेश राय, गायक सीताराम, ओमप्रकाश खरवार (व्यास) अध्यापक इर्शाद मंसुरी,छात्र नेता सूरज चौरसिया,पत्रकार चंद्रशेखर पांडेय,शत्रुघ्न यादव,समाज सेवी रतन मिश्रा,शंभू खरवार,संजय खरवार,संतोष खरवार,शाहजहाँ मंसूरी,रविन्द्र मद्धेशिया,गणेश प्रसाद,दुधनाथ खरवार,अतुल खरवार गफ्फार मंसूरी,मास्टर गीत आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के समापन पर चैनल के मुखिया और मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार कपिलदेव खरवार ने आगंतुक मेहमानों का दिल से आभार व्यक्त किया है।

फोटो-मुकेश खरवार

# अखण्ड राजपुताना का सत्कार समारोह सम्पन्न



**मुंबईः-(कदम कदम पर)** अभी हाल ही में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर आर पी सिंह(दुर्गवंश) की अध्यक्षता में कांदिवली (पूर्व विधायक)ठाकुर कम्पलेक्स में राजपुत सत्कार समारोह का आयोजन भव्य पैमाने पर किया गया था।कार्यक्रम में बतौर प्रमुख अतिथि के रुप में कुंवर ब्रिजेश सिंह(लोक निर्माण राज्य मंत्री उ प्र) तथा विशेष अतिथि ठाकुर रमेश सिंह(पूर्व विधायक) ज्ञान प्रकाश सिंह(राष्ट्रीय संरक्षक)चित्र सेन सिंह(वरिष्ठ समाज सेवी)ठाकुर जनार्दन सिंह(राष्ट्रीय संयोजक)उपस्थित थे। आर पी सिंह ने प्रमुख अतिथि और विशेष अतिथि और रामनवल सिंह ने ठाकुर रमेश सिंह तथा चित्र सेन सिंह को श्रीरामचरित मानस की किताब देकर उन्हें समानित किया।

प्रस्तुतिः-कपिलदेव खरवार



वाराणसी नगर निकाय चुनाव मे वार्ड नंबर 15 की पार्षद प्रत्याशी मोना यादव का गोवर्धन धाम ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में अंगवस्त्रम व पुष्पा भेंट कर स्वागत किया और उनके विजई होने की कामना की साधना शर्मा - वाराणसी जिला महासचिव (महिला ) मौलिक अधिकार पार्टी




यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com